प्रथम सत्रांत आकलन

विषय – हिन्दी

समयः 3 घण्टे **कक्षा – आठ** **पूर्णांक – 40**

निर्देशः– सभी प्रश्न अनिवार्य है।
लिखाई का विशेष ध्यान रखें।

(खण्ड –क)

प्रश्न – 1 अपठित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्र नों के उत्तर दीजिए। (4)

14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को भारत की राजकीय भाषा के रूप में स्वीकारा गया था। हिन्दी देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषा हैं। इससे मिलती–जुलती कई और भाषाएँ है। जैसे बांग्ला, संस्कृत व अन्य। आमतौर पर इस दिन स्कूल, कार्यालयों ओर कॉलेजों समेत विभिन्न संस्थानों में इसे बड़े <u>उत्साह</u> से मनाया जाता है।

(क) हिन्दी को राजकीय भाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया ?
(ख) हिन्दी भाषा की लिपि का नाम बताओ।
(ग) रेखांकित शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं।
(घ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें।

प्रश्न– 2 नीचे दिए पद्यां । को पढ़कर दिए गए प्र नों के उत्तर दीजिए (4)

माला तो कर में फिरै, जीभि फिरै मुख माँहि।
मनुवाँ तो चहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं।।

(क) कवि और कविता का नाम लिखें।
(ख) माला कहाँ–2 फिरती है?
(ग) सुमिरन' शब्द का अर्थ लिखें।
(घ) इस साखी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

प्रश्न–3 पठित गद्यां । को पढ़कर निम्नलिखित प्र नों के उत्तर दीजिए– (4)

बदलू यह कार्य सदा ही एक मचिये पर बैठकर किया करता था जो बहुत ही पुरानी थी। बगल में ही उसका हुक्का रखा रहता जिसे वह बीच–2 में ही पीता रहता। गाँव में मेरा दोपहर का समय अधिकतर बदलू के पास बीतता। वह मुझे लला कहा करता। मैं घंटो बैठकर उसे चूड़ियाँ बनाता। पूरा जोड़ा बना लेने पर वह उसे बेलन पर चढ़ाकर कुछ क्षण चुपचाप देखता रहता, मानो वह बेलन न होकर किसी नव वधु की कलाई हो।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखें।
(ख) बदलू कौन सा कार्य करता था ?
(ग) बदलू रोज कितने जोड़े चूड़ियाँ बनाता था?
(घ) 'लला' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं।

प्रश्न – 4 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें। $(2 + 2 = 4)$

अभी न होगा मेरा अंत
अभी–अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत –
अभी न होगा मेरा अंत

अथवा

हम दीवानों की क्या हसती,
है आज यहां कल वहां चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।

(खण्ड – ख)

प्रश्न –5 पाठ्य पुस्तक 'वसंत' के आधार पर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $(2 \times 4 = 8)$

(क) लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था ?
(ख) पत्र जैसा सन्तोष फोन या एस0एम0एस का सन्देश क्यों नहीं दे सकता ?
(ग) कवि ने भगवान का डाकिया किसे कहा है ?
(घ) दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?
(ङ) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

प्रश्न –6 'भारत की खोज' पुस्तक के आधार पर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $(1 \times 3 = 3)$

(क) 'भारत की खोज' पुस्तक के लेखक कौन है?
i) जवाहर लाल नेहरु ii) महात्मा गांधी iii) सरोजनी नायडू
(ख) लेखक की यह कौन सी जेल यात्रा थी ?
ii) पहली ii) सातवीं iii) नौवीं
(ग) लेखक को जेल में रहते कितना समय हो चुका था?
iii) बीस महीने से अधिक ii) बीस महीने से कम iii) बीस महीने
(घ) अहमदनगर के किले में लेखक क्या कार्य करता था ?
i) भोजन पकाना ii) बागवानी करना iii) सफाई करना

खण्ड – (ग)

व्याकरण भाग

प्रश्न –7 निम्नलिखित बहुवैक्लिपक प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(0.5 \times 5) = 2.5$

(क) हिन्दी वर्णमाला में वर्णो की संख्या कितनी है?
i) 32 ii) 44 iii) 60 iv) 11
(ख) भाषा के कितने भेद है ?
i) 3 ii) 5 iii) 2 iv) 4
(ग) 'ग' उच्चारण स्थान बताएं।
i) दन्त ii) कण्ठ iii) तालु iv) नासिका
(घ) 'विद्यार्थी' शब्द का सन्धि–विच्छेद कीजिए–
i) विद्या + आर्थी ii) वि + द्यार्थी iii) विद्या + अर्थी
(ड.) रात–दिन शब्द में कौन सा समास है ?
i) द्विगु ii) अव्ययीभाव iii) बहुव्रीहि iv) द्वंद्व समास

प्रश्न–8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(0.5 \times 5) = 2.5$

(क) 'दुकानदार' भाब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(ख) 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं।
(ग) 'दया करने वाला' वाक्याँश के लिए एक शब्द लिखें।
(घ) राम धीरे–धीरे चलता है – वाक्य में अव्यय शब्द छाँटे।
(ङ) 'ईश्वर' अथवा 'अग्नि' शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखें।

खण्ड – (घ)

प्रश्न–9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सुन्दर निबन्ध लिखें। (5)

i) दीपावली ii) पर्यावरण iii) विद्यार्थी जीवन

प्रश्न 10. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को विद्यालय त्याग प्रमाण पत्र लेने हेतु प्रार्थना पत्र लिखें। (3)

अथवा

अपने छोटे भाई को जन्मदिन के अवसर पर बधाई पत्र लिखें।